मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-164
27/03/2021

मुख्यमंत्री ने शब–ए–बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 27 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शब–ए–बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। शब–ए–बरात की रात मॉगी गयी दुआयें खुदा कबूल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात पर हम सब खुदा से दुआ करें कि हम सबके बीच प्रेम, सद्भाव बढ़े और हम सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार निरंतर प्रगति की ऊँचाई पर बढ़ता रहे।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये सभी लोग घर के अंदर ही इबादत करें। आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******